>

Title: Need to investigate into the incident of theft and damage which took place in Ma Chhinmastika Temple at Rajrappa in Ramgarh district, Jharkhand.

श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग): महोदय, चार जुलाई को हमारे निर्वाचन क्षेत्र में एक अत्यंत दुखद घटना घटी। वहां रामगढ़ जिले में मां छिन्नमस्तिका का एक बहुत ही पवित्र मंदिर है, जो एक सिद्धपीठ भी माना जाता है। चार जुलाई की रात को वहां कुछ शरारती तत्व मंदिर के अंदर घुस गए और उन्होंने मां के मंदिर, मां की प्रतिमा को तोड़ा, वहां जो बहुमूल्य सामान थे, उनको चुराया। एक बहुत शर्मनाक घटना वहां पर घटी। खुशी की बात यह है कि दोनों समुदायों के लोगों ने इसके बाद आंदोलन किया कि उन शरारती तत्वों को पकड़ा जाए। आज के दिन मैं इस सदन में यही बात कहने के लिए खड़ा हुआ हूं कि हम लोगों ने कुछ दिनों बाद इस बात की मांग की थी, कि जिला पुलिस बल सक्षम नहीं हो रहा है उन अपराधियों को गिरफ्तार करने में, इसमें किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय गैंग का हाथ है। वही लोग इस तरह का काम करते हैं। इसीलिए हम लोगों ने यह मांग की थी कि इसमें झारखण्ड सरकार, जहां राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है, सीबीआई जांच कराए। दुर्भाग्य से आज तक न इस मांग के ऊपर कार्रवाई हुई है, न ही अपराधी पकड़े गए हैं। इसलिए आज आपके माध्यम से और इस सदन के माध्यम से, नारायणसामी जी यहां बैठे हैं, झारखण्ड के राज्यपाल इनके निकट मित्र हैं, मैं विशेष आग्रह कर रहा हूं कि झारखण्ड सरकार को आप निर्देश दें कि वह तत्काल इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश दे ताकि अपराधी तत्वों पर कानून के अंतर्गत कार्रवाई हो सके और उनको इसके लिए दंडित किया जा सके।